**<u>पत्र सूचना शाखा</u>**

**<u>सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0</u>**

## एनबीआरआई में पुष्प प्रदर्शनी का पुरस्कार वितरण समारोह सम्पन्न

## व्यापार एवं उद्योग की दृष्टि से फूलों का महत्व है - राज्यपाल

लखनऊ: 14 दिसम्बर, 2014

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान द्वारा आयोजित गुलदाउदी और कोलियस की पुष्प प्रदर्शनी में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि फूल आनन्द का आदान-प्रदान करते हैं। फूलों का व्यापार दिनों-दिन अच्छे ढंग से बढ़ रहा है। यदि वैज्ञानिक तरीके से फूलों की खेती की जाय तो लाभदायक हो सकती है। जल्दी आय अर्जित होने के कारण फूलों की खेती का प्रयोग किसान अपने आर्थिक विकास के लिए करें। उन्होंने कहा कि व्यापार एवं उद्योग की दृष्टि से फूलों का महत्व है।

श्री नाईक ने इस अवसर पर प्रदर्शनी में विजेताओं का पुरस्कृत किया तथा आगामी फरवरी में राजभवन में आयोजित होने वाली प्रादेशिक पुष्प प्रदर्शनी में लोगों को आमंत्रित भी किया। इस अवसर पर उन्होंने दो पुस्तकों का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक, डाॅ0 सी0एस0 नौटियाल ने स्वागत उद्बोधन दिया तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल की प्रमुख सचिव, सुश्री जूथिका पाटणकर भी उपस्थित थी।

---------

झरोखे बैठ के सबका मुजरा ले

राम झरोखे बैठ के सबका मुजरा ले
सी.एस. नौटियाल
मा. राम नाईक
जुथिका पाटणकर